# भारत की राष्ट्रपति

# श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

# का

# न्यूजीलैंड में भारतीय समुदाय के लिए आयोजित स्वागत समारोह में संबोधन

**Auckland, 9 August, 2024**

आप सभी को भारत में आपके भाइयों और बहनों की ओर से हार्दिक अभिनंदन! Auckland में ऐसे जीवंत और ओजस्वी Indian community के बीच उपस्थित होना, मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात है। आज जब मैं आपके सामने खड़ी हूं, तो मैं न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासियों के साहस और उपलब्धियों को देखकर गौरवान्वित हूं।

मेरे साथ, हमारे राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन, साथ ही लोक सभा के दो सांसद, श्री सौमित्र खान और श्री जुगल किशोर भी हैं।

न्यूज़ीलैंड के साथ हमारे संबंध बहुत गहरे और बहुआयामी हैं। यहाँ का भारतीय समुदाय इस खूबसूरत देश के सामाजिक ताने-बाने का अभिन्न अंग बन गया है। भारतीय समुदाय ने यहाँ के विकास और समृद्धि में अहम भूमिका निभाई है। व्यवसाय से लेकर शिक्षा जगत, स्वास्थ्य सेवा से लेकर प्रौद्योगिकी तक, आपका योगदान अमूल्य है।

न्यूज़ीलैंड की आबादी में भारतीय मूल के लोगों की संख्या लगभग 6% है, और आपका प्रभाव जीवन के हर क्षेत्र में स्पष्ट है। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत ने न केवल आपके परिवारों का उत्थान किया है, बल्कि व्यापक न्यूज़ीलैंड समाज और अर्थव्यवस्था में भी बहुत बड़ा योगदान दिया है। हमारे कई प्रवासी सदस्यों ने इस देश में बहुत ऊँचाइयाँ हासिल की हैं। Sir Anand Satyanand, जो 2006 से 2011 तक Governor General थे, का यहाँ और भारत, दोनों जगह अत्यधिक सम्मान किया जाता है। इसी तरह, Sir Edmund Hillary भारत में एक जाना-माना नाम हैं। हमारे खेल और सांस्कृतिक संबंध मजबूत रहे हैं। मुझे यह जानकर

खुशी हुई कि भारत की पहली हॉकी टीम ने लगभग 100 साल पहले, 1926 में न्यूज़ीलैंड का दौरा किया था।

शिक्षा के क्षेत्र में हमारा सहयोग अत्यंत उपयोगी रहा है। हजारों भारतीय छात्र न्यूजीलैंड में अध्ययन कर रहे हैं। मुझे यह देखकर प्रसन्नता हुई कि न्यूजीलैंड के हमारे मित्र yoga, meditation और भारतीय संगीत और नृत्य सीखने के लिए भी भारत आ रहे हैं। दोनों देश IIT Delhi में स्थापित India-New Zealand Centre के माध्यम से सहयोग कर रहे हैं। कल Wellington में, मैंने New Zealand International Education Conference को संबोधित किया, जिसमें भारत "Country of Honour" है। यह शिक्षा के क्षेत्र में हमारे सहयोग को आगे बढ़ाने के हमारे दोनों देशों के संकल्प को दर्शाता है।

न्यूजीलैंड में बसे भारतीय समुदाय का समर्पण, कड़ी मेहनत और रचनात्मक भावना सराहनीय है। ये वे मूल्य हैं, जिन्होंने पीढ़ियों से हमारा मार्गदर्शन दिया है, और भविष्य में भी हमें प्रेरित करते रहेंगे। आप में से हर कोई, अपने-अपने तरीके से भारत का प्रतिनिधित्व करता है। आप अपने साथ हमारी मातृभूमि की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत लेकर आए हैं, और आपने इसे न्यूजीलैंड की विविध संस्कृति के साथ सहजता से मिलाया है। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि दिवाली, ओणम, होली, बैसाखी और पोंगल जैसे भारतीय त्यौहार पूरे न्यूजीलैंड में उत्साह से मनाए जाते हैं। संस्कृतियों का यह सुंदर संगम, भारतीय समुदाय की सबसे बड़ी ताकत है।

यह देखकर मुझे खुशी हुई कि हमारे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उच्च स्तरीय यात्राओं, व्यापार और प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच understanding को गहरा करने, और सहयोग के नए रास्ते तलाशने में योगदान दिया है।

कल, Wellington में, Governor General Dame Kiro, प्रधान मंत्री Luxon, और उप प्रधान मंत्री Peters के साथ मेरी बहुत उपयोगी बैठकें हुईं। हमने भारत-न्यूजीलैंड साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा की, जिसमें भारतीय समुदाय की भी प्रमुख भूमिका है।

मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम जल्द ही Auckland में एक Consulate खोलेंगे, जिसका उद्देश्य यहां बसे हमारे प्रवासी भारतीयों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करना है। मुझे विश्वास है कि यह न्यूज़ीलैंड के साथ हमारे diplomatic संबंधों को और बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाएगा।

प्रिय भाइयो और बहनो,

कुछ ही दिनों में, भारत अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। आज़ादी के समय से अमृत काल तक, हमारा प्रिय देश बहुत आगे बढ़ चुका है। सबसे बड़े और सबसे जीवंत लोकतंत्र के रूप में, भारत आज दुनिया में लोकतंत्र का प्रतीक बन गया है।

हमने दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। बहुत जल्द हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे। Digital India, Make in India और Skill India जैसी initiatives हमारे लाखों नागरिकों को सशक्त बना रही हैं, और वैश्विक सहयोग के अवसर पैदा कर रही हैं।

जैसे-जैसे हम 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के अपने उद्देश्य की ओर बढ़ रहे हैं, हम प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करना चाहते हैं। हम दुनिया भर में अपने प्रवासी भारतीय समुदाय को, अपने सपनों का भारत बनाने की इस यात्रा में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखते हैं।

आपका skill, expertise, और अनुभव हमारे देश की प्रगति के लिए मूल्यवान हैं। Business cooperation हो या educational exchanges, आपके पास भारत की development story में योगदान देने और उसका हिस्सा बनने के अनगिनत तरीके हैं। इसके अलावा, इस खूबसूरत देश में भारत के प्रतिनिधि के रूप में, आप हमारे दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने में आपके प्रयास सराहनीय हैं।

मैं इस अवसर पर न्यूज़ीलैंड सरकार और इस महान देश के लोगों की भी सराहना करना चाहती हूं, जिन्होंने भारतीय समुदाय को गर्मजोशी से अपनाया है। आपकी

inclusive और welcoming भावना ने हमारे समुदाय को फलने-फूलने और समृद्ध होने में सक्षम बनाया है।

अंत में, मैं दोहराना चाहूंगी कि हमें आप सभी पर कितना गर्व है। आपकी उपलब्धियाँ हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। आइए, हम भारत और न्यूज़ीलैंड के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर काम करना जारी रखें।

धन्यवाद,

जय हिन्द!